ट्रांसमिशन लाइन का कार्य पूर्ण

जयपुर । डूंगरपुर मे रेल्वे की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण 132 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, डूंगरपुर से डूंगरपुर रेल्वे ट्रेक्शन सब स्टेशन (टीएसएस) के बीच 2.829 किमी 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन (जिसमे 0.958 किमी डबल सर्किट सेक्शन कन्वर्शन तथा 1.871 किमी सिंगल सर्किट सेक्शन है) का कार्य प्रसारण निगम के अभियन्ताओं द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है तथा लाइन को 132 केवी वोल्टेज लेवल पर टेस्ट चार्ज कर दिया गया है। प्रसारण निगम के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि उपरोक्त लाइन के आबादी क्षेत्र से गुजरने के कारण आरओडबल्यू की गंभीर समस्या थी, जिसके कारण प्रसारण निगम के अभियंताओ द्वारा नयी तकनीक का प्रयोग किया गया, जिसके तहत वर्तमान लेटिस टावर के फुट प्रिन्ट को ही इस्तेमाल किया गया। इसके तहत् ट्रांसमिशन मोनोपोल की फाउंडेशन टावर लेग्स के बीच ही बनाई गयी तथा उसी स्थान पर कम जगह मे मोनोपोल स्थापित किए गए। दो मोनोपोल इस तरह लगाने से व तारों की ऊंचाई बढ़ने से आम जनता द्वारा आरओडबल्यू संबन्धित विरोध नहीं किया गया। लेटिस टावर मे टावर फुटिंग मे दो स्थानो पर उचित मुआवजा भी दिया गया। उपरोक्त लाइन मे 5 ट्रांसमिशन मोनोपोल व 8 लेटिस टावर लगाये गए है तथा एक रेल्वे क्रोसिंग भी की गयी है।

भाजपा महामंत्री की पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में सराहनीय और अनुकरणीय पहल

जयपुर । भाजपा प्रदेश महामंत्री और खण्डार विधानसभा क्षेत्र के विधायक जितेंद्र गोठवाल ने सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए एक अभिनव पर्यावरण संरक्षण पहल शुरू की है। गोठवाल ने घोषणा की है कि जो शिक्षक अपने क्षेत्र में कम से कम 20 पौधे लगाएंगे और उनका संरक्षण करेंगे, उनके स्थानांतरण की अर्जी शिक्षा विभाग को भेजी जाएगी। गोठवाल ने इस पहल को शिक्षक-प्रेरित हरियाली अभियान का नाम दिया है, जिसका उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, बल्कि शिक्षकों को भी इस दिशा में सक्रिय रूप से शामिल करना है। उन्होंने कहा, ''शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं, और यदि वे स्वयं पर्यावरण के प्रति जागरूक होंगे, तो विद्यार्थियों में भी यह चेतना विकसित होगी।'' गोठवाल ने बताया कि शनिवार को सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर जन सुनवाई के दौरान स्थानांतरण के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की अर्जी प्राप्त हुई थी, इस पर शिक्षकों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के वृक्षारोपण अभियान को बढ़ाने का फैसला किया गया है।

विधायक गोठवाल को शिक्षकों ने स्थानांतरण अर्जी देकर 20 पौधे लगाने और संरक्षण करने का संकल्प लिया।

- पर्यावरण सरंक्षण कार्य में शिक्षकों को किया शामिल, 20 पौधे लगाने का दिया टास्क
- 20 पौधे लगाने और संरक्षण करने वाले शिक्षकों की स्थानांतरण अर्जी शिक्षा विभाग को भेजेंगे गोठवाल
- पर्यावरण सरंक्षण के लिए जितेंद्र गोठवाल ने स्वयं लिया 365 दिन 365 पेड़ लगाने का संकल्प

भाजपा विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि पर्यावरण की दिशा में शुरू की गई इस पहल का शिक्षकों की ओर से स्वागत किया गया है और शिक्षकों ने वादा किया है कि वे हर वर्ष 20 नए पौधे लगाएंगे और उनका संरक्षण करेंगे। यह कदम राज्य सरकार की हरियालो राजस्थान योजना को भी बढ़ावा देगा और प्रदेश में वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक गोठवाल ने इस पहल को एक अनुकरणीय उदाहरण बताया है और अन्य क्षेत्रों के नेताओं से भी इस प्रकार की पहलों को अपनाने की अपील की है। गोठवाल ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हम अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह शिक्षकों की सामाजिक जिम्मेदारी और सक्रियता को भी उजागर करेगी।

भाजपा महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ना केवल शिक्षकों को जिम्मेदारी देने का कार्य किया है, बल्कि स्वयं भी इस दिशा में पहल कर चुके है। गोठवाल ने 365 दिन, हर दिन एक नया पौधा लगाने का संकल्प किया है। विश्व पर्यावरण दिवस से गोठवाल हर रोज एक पेड़ लगा रहे है।

गोठवाल ने बताया कि हमारा उद्देश्य है - हर कोना हरा-भरा, हर सांस शुद्ध। आइए, मिलकर प्रकृति को बचाने का संकल्प लें।

पंडित विश्व मोहन भट्ट का उनके 75वें अमृत महोत्सव वर्ष में किया सम्मान

जयपुर। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) द्वारा आयोजित एक भव्य संगीतमय संध्या में ग्रैमी अवार्ड विजेता, पद्म भूषण पंडित विश्व मोहन भट्ट और उनके पुत्र, 'तंत्री सम्राट' पंडित सलिल भट्ट की मोहन वीणा और सात्विक वीणा का विशेष जुगलबंदी ने समां बांध दिया।

यह संध्या श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों में ले गई, जब राग 'विश्व कौंस' में पिता-पुत्र की अद्वितीय जुगलबंदी ने संगीत के माध्यम से विश्व शांति का संदेश दिया।

श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देने वाली इस प्रस्तुति में आलाप, जोड़, झाला, विलंबित और द्रुत गति की रचनाओं के माध्यम से दोनों वीणाओं के बीच एक जीवंत संवाद प्रस्तुत किया गया।

वहीं, राम और हनुमान जी की स्तुतियों की संगीतमय व्याख्या ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। प्रस्तुति के दौरान, बनारस घराने के प्रसिद्ध तबला वादक, पंडित अभिषेक मिश्रा ने अपने तबले की दमदार थाप से श्रोताओं में जोश और ऊर्जा भर दी।

कृषि सिंचाई योजना में जल संसाधन विभाग को 16.50 करोड़ रुपए स्वीकृत

जयपुर। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 'हर खेत को पानी' अभियान में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल संसाधन विभाग को 16.50 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त के रूप में अभियान अंतर्गत प्रगतिरत 84 रिपेयर-रिनोवेशन-रेस्टोरेशन (आरआरआर) कार्यों के लिए प्राप्त हुई है। अब राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत (लगभग 11 करोड़ रुपए) राशि और जोड़ी जाएगी। इस प्रकार कुल 27.50 करोड़ रुपए की लागत से कार्यों को गति मिलेगी।

- जल शक्ति मंत्रालय ने 'हर खेत को पानी अभियान' के तहत दी राशि
- वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त के रूप में राशि स्वीकृत
- आरआरआर योजना में कोटा, बूंदी और टोंक में प्रगतिरत 84 कार्यों को मिलेगी गति
- अब तक 65 प्रतिशत भौतिक प्रगति
- जल संसाधन मंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का जताया आभार
- 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान के कार्यों को भी मिलेगी गति

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि आरआरआर योजना अंतर्गत कोटा, बूंदी और टोंक जिलों में सिंचाई सुविधाओं के पुनरुद्धार के लिए 84 कार्य 11 सितम्बर, 2023 को स्वीकृत किए गए थे। इन कार्यों के पूर्ण होने से लगभग 4 हजार 404 हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र को फिर से क्रियाशील हो जाएगा, जिससे 2.16 लाख से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

विभागीय जानकारी के अनुसार, परियोजना की कुल लागत 142.92 करोड़ रुपए है। इसमें केन्द्र और राज्य का अंशदान 60:40 के अनुपात में है। इसके अंतर्गत केन्द्रांश 85.75 करोड़ रुपए और राज्यांश 57.17 करोड़ रुपए निर्धारित है। इसके तहत विभाग को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता प्राप्त हुई थी। वर्तमान में कार्यों की भौतिक प्रगति लगभग 65 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है।

इस योजना की प्रगति से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संचालित 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान को भी गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि जल संसाधन मंत्री लगातार विभिन्न जिलों का दौरा कर अभियान के तहत जल संरचनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे हैं। आमजन को जागरूक कर अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास कर रहे हैं।

बाजार में खरीदारी करने आई महिला से सोने की चेन लूटी

जयपुर। जवाहर नगर थाना इलाके में एक महिला से सोने की चेन लूटने का मामला सामने आया है।जानकारी में सामने आया कि खरीदारी करने के लिए महिला मार्केट आई थी। इस दौरान बाइक पर आए तीन बदमाशों ने चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने बताया कि चेन स्नेचिंग की वारदात राजापार्क की गली नंबर-2 की रहने वाली रेणू अग्रवाल (45) के साथ हुई। जो सर्वानंद मार्केट में सब्जी खरीदने गई थे। ठेले से सब्जी खरीदते समय पीछे से बाइक पर तीन लड़के आए। बदमाशों ने झपट्टा मारकर रेणू के गले से सोने की चेन तोड़ ली। शोर मचाकर पीछा करने पर बाइक सवार बदमाश तेजी से आंखों से ओझल हो गए। चेन स्नेचिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी करवाई। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ बाइक सवार लुटेरों की तलाश कर रही है।

एलआईसी ने विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए छूट की घोषणा की

जयपुर । एलआईसी ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के कारण एयर इंडिया की उड़ान एआई 171 के ऑन-बोर्ड यात्रियों और चालक दल के सदस्यों और जमीन पर मौजूद लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एलआईसी प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए दावों के निपटान में तेजी लाएगी। एलआईसी ने एलआईसी पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/राज्य सरकार/एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुँचा जाए और प्रभावित परिवारों को दावों का शीघ्र निपटान किया जाए।

प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव बढ़ाने पर राजस्थान सरकार का विशेष ज़ोर

जयपुर। राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास में प्रवासी राजस्थानियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार देश-विदेश में बसे प्रवासियों से संवाद और सहयोग को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को राजस्थान फाउंडेशन के नवस्थापित असम (गुवाहाटी) चैप्टर द्वारा प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुवाहाटी में किया गया।आयोजन में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानियों और लघु उद्योग भारती के प्रवासी राजस्थानी सदस्यों ने भाग लिया और प्रदेश से अपने भावनात्मक व सांस्कृतिक जुड़ाव को साझा किया। राजस्थान फाउंडेशन असम (गुवाहाटी) चैप्टर के नवनियुक्त अध्यक्ष रतन शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान का आभार व्यक्त करते हुए चैप्टर के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र के प्रवासी राजस्थानियों को संगठित करने का संकल्प लिया और राजस्थान के आर्थिक व सामाजिक विकास हेतु पूर्वोत्तर के प्रवासियों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा प्रवासी राजस्थानियों के हित में किए जा रहे नवाचारों और योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं जैसे प्रवासियों के लिए एक नया विभाग बनाना, आगामी 10 दिसंबर, 2025 को जयपुर में प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन, प्रवासी राजस्थानी सम्मान अवॉर्ड की शुरुआत और प्रत्येक जिले में प्रवासियों के मुद्दों हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति जैसी महत्वपूर्ण पहलों की जानकारी साझा की।

राजस्थान फाउंडेशन के नवस्थापित असम चैप्टर द्वारा प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुवाहाटी में किया।

नीति आयोग का अमेरिका से कृषि आयात पर टैरिफ घटाने का सुझाव

जयपुर। नीति आयोग ने भारत और अमेरिका के बीच कृषि व्यापार बढ़ाने की दृष्टि से एक वर्किंग पेपर जारी कर कुछ सिफारिशे की हैं। नीति आयोग ने अपनी सिफारिशों में कहा है कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत को चावल, काली मिर्च, सोयाबीन तेल, झींगा, चाय, कॉफी, डेयरी उत्पाद, पोल्ट्री, सेब, बादाम, पिस्ता, मक्का और आनुवंशिक रूप से परिवर्तित सोया उत्पादों के लिए अपना बाजार खोल देना चाहिए।

- देश व किसान हितैशी नीति के खिलाफ है नीति आयोग के सुझाव-भारतीय किसान संघ

जिसको लेकर देश के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ को आशंका है कि ऐसा करना कृषि पर निर्भर 70 करोड़ भारतीयों के लिए जोखिम भरा कदम साबित हो सकता है।

किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि अमेरिका के साथ टेरिफ लड़ाई में नीति आयोग क्यो घुटने टेक रहा है। जब सरकार देश को तिलहन में स्वावलंबी बनाने की तैयारी में हैं, तब खाद्य तेल के आयात शुल्क में कमी करना अपने आप में एक विरोधाभासी निर्णय है। मिश्र ने देश व किसान हितैशी नीति के खिलाफ नीति आयोग के सुझावों पर ऐतराज जताते हुये कहा कि नीति आयोग के सलाहकार अपनी सिफारिशों पर पुनर्विचार करते हुए सरकार की स्वावलंबन नीति के आधार पर आगे बढ़ने की तैयारी करें और किसान हितैशी विषयों को प्राथमिकता दें।

'सामुदायिक भागीदारी से ही साकार होगी जल संरक्षण एवं जल संचयन की संकल्पना'

जयपुर। जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर में सुधार करना साझी जिम्मेदारी है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने उद्योगपतियों, भामाशाहों, स्वयं सेवी संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों से वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत अपनी सक्रिय एवं सकारात्मक भागीदारी निभाने की अपील की है। शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए औद्योगिक संगठनों, उद्योगपतियों, भामाशाहों, स्वयं सेवी संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों एवं गैर सरकारी संगठनों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जल संरक्षण के लिए जन के जुड़ाव पर जोर देते हुए प्रतिभागियों से आ ान किया कि सामुदायिक भागीदारी से ही जल संरक्षण एवं हरियालो राजस्थान की संकल्पना साकार होगी इसके लिए कॉर्पोरेट हाउस, औद्योगिक संगठनों, उद्योगपतियों, स्वयं सेवी संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों को सरकार की इस भागीरथी पहल में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यशाला में भू-जल विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभागियों के समक्ष जल संरक्षण की विभिन्न विधाओं की कार्ययोजना, क्रियान्वयन, संचालन, रखरखाव एवं उपयोगिता का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया।

- वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत सीएसआर कार्यशाला का हुआ आयोजन
- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने उद्योगपतियों एवं भामाशाहों से किया आह्वान
- अभियान की सफलता के लिए की सक्रिय एवं सकारात्मक भागीदारी निभाने की अपील
- जिला कलक्टर के आह्वान पर भामाशाहों एवं संस्थाओं ने मौके पर ही भरे संकल्प पत्र

कार्यशाला में जिला कलक्टर ने जल संरक्षण एवं जल संचयन के प्रति आमजन में जागरुकता बढ़ाने, जल स्त्रोतों की स्थिरता एवं पुनर्निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने एवं जल संकट से निपटने के लिए उपयों को लागू करने, ग्रामीण एवं शहरी समुदायों में जल उपयोग की दक्षता बढ़ाने, जल संरक्षण में जन भागीदारी सुनिश्चित करने एवं स्थानीय आमजन को सक्रिय रूप से भागीदार बनाने, जलवायु परिवर्तन के कारण जल संकट की गंभीरता को कम करने की दिशा में प्रयास करने, अकार्यशील हैंडपंप, सूखे कुएं एवं नलकूपों के माध्यम से भूजल को पुन:भरण को बढ़ावा देने, व्यर्थ बहने वाले वर्षा जल को रिचार्ज शॉफ्ट के माध्यम से भूजल पुन:भरण करने में भागीदारी निभाने का आव्हान किया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के स्वयं सेवी संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं भामाशाहों ने मौके पर ही संकल्प पत्र भर जल संरक्षण एवं जल संचयन की दिशा में अपने भौतिक एवं अभौतिक सहयोग की सहर्ष सहमति प्रदान की।

पेड़ से लटका मिला एक युवक का शव

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले के मौखमपुरा थाना इलाके में शनिवार को एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार शव की पहचान सुनील कुमार (26) पुत्र भंवर लाल शर्मा के रूप में हुई। जो झाई भम्भोरी (जयपुर) का रहने वाला था। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को बगरू जिला अस्पताल में रखवाया गया। वहीं परिजनों ने पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया। आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुर्दाघर के बाहर धरने पर बैठ गए। थानाधिकारी मोखमपुरा संजय मीणा ने बताया कि मृतक सुनील कुमार शर्मा के पिता भंवर लाल शर्मा की ओर से हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है कि उनका बेटा सुनिल कुमार शर्मा भाम्भोरिया में शर्मा किराणा स्टोर चलता था। पिछले कुछ दिनो से नई नाथ ट्रेडिंग कंपनी मुहाना मंडी में दुकानदार आकाश के द्वारा उसे डराया धमकाया जा रहा था।

सार-समाचार

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

जयपुर। मान्यावास स्थित इंजीनियर्स कॉलोनी के नवीन जिनालय में शनिवार को तीन दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में आचार्य शशांक सागर महाराज के ससंघ सान्निध्य में शुरू हुआ पंडित धर्मचंद शास्त्री एवं ब्रह्मचारी जिनेश भैया के निर्देशन में प्रथम दिन गर्भ कल्याणक की क्रियाएं हुईं। मंगलाष्टक, श्रीजी के कलशाभिषेक और शांतिधारा से इसकी शुरुआत हुई। गाजेबाजे के साथ 108 महिलाओं ने मंगल गीतों के साथ घटयात्रा निकाली। ध्वजारोहण के बाद पांडाल उद्घाटन हुआ। वेदी शुद्धि पांडाल, वेदी शुद्धि संस्कार मंदिर, चित्र अनावरण, दीप प्रवज्जलन, नांदी कुंभ स्थापना के बाद आचार्य शशांक सागर महाराज के मंगल प्रवचन हुए। उन्होंने कहा कि श्रद्धा से मूर्ति में प्राण आते हैं। दोपहर को सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडल प्रतिष्ठा, यागमंडल विधान पूजन हुआ।। मध्य रात्रि को बाल ब्रह्मचारी धर्मचंद शास्त्री और ब्रह्मचारी जिनेश भैया के निर्देश में गर्भ कल्याणक की आंतरिक क्रियाएं संपन्न हुई। रविवार को जन्म कल्याणक, तप और ज्ञान कल्याणक की क्रियाएं संपन्न होगी। जन्म कल्याणक के अवसर पर पांडुक शिला पर जन्माभिषेक कलश होंगे। जिसके सैकड़ों श्रद्धालु कलश करेंगे।

दावते इस्लामी का सुन्नी इज्तेमा आज

जयपुर। सुन्नी दावते इस्लामी का सुन्नी इज्तेमा रविवार को रात 9 बजे कोहिनूर हॉल, सांगानेर में होगा। जिसमें देशभर के इस्लामी विद्वान शामिल होंगे। समारोह में हजरत मुहम्मद साहब और सहाबियों की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। इस दौरान इस्लामी स्कॉलर 1500 साला जश्ने विलादत-ए-मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम, हजरत उमर फारूक व हजरत उस्माने गनी रजिअल्लाहु तआला अन्हु के जीवन यापन, सुन्नत तरीके एवं व्यवहारिक जिंदगी के बारे में बताते हुए उपस्थित जन समूह को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम संयोजक मौलाना सैयद मुहम्मद कादरी साहब के अनुसार मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी साहब की सरपरस्ती में आयोजित इस इज्तेमा में मुख्य अतिथि राशिद अशरफ लतीफी होंगे। मुख्य वक्ता मौलाना मुफ्ती शमसुद्दीन कादरी हजरत उमर फारूक रजिअल्लाहु तआला अन्हु की जीवनी तथा मौलाना युनुस रजवी सीरते हजरत उस्माने गनी रजिअल्लाहु तआला अन्हु पर प्रकाश डालेंगे। वहीं मौलाना सलीम अकबरी हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी बयान करेंगे।

प्लेन हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

जयपुर। गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के विद्याधरनगर सेक्टर चार स्थित स्थित भगवान परशुराम भवन में अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पंकज पचलंगिया, पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर एस के शर्मा, कार्यालय मंत्री राम मोहन शर्मा, पं. जयदेव शर्मा, जोधराज शर्मा, तनिष्क शर्मा, मनीष शर्मा, अभिषेक शर्मा, ललित शर्मा, नीलेश शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, विक्रम शर्मा, अखिलेश शर्मा, पीयूष शर्मा, आनंद शर्मा ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। सभी ने दो मिनट का मौन भी रखा। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए, घायलों की शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।

गणेश जी मंदिर में उत्सव 18 को

जयपुर। ब्रह्मपुरी के माउंट रोड स्थित श्री नहर के गणेश जी मंदिर में फूल बंगला उत्सव और भजन संध्या का आयोजन 18 जून को होगा। स अवसर पर शाम 5 बजे फूल बंगला झांकी के दर्शन होंगे। उसके बाद संध्या आरती की जाएगी। आरती के बाद सुप्रसिद्ध कलाकार भजन संध्या में भगवान गणपति की विशेष आराधना करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री नहर के गणेश जी दक्षिणावर्ति सूंड और दक्षिणाभिमुख है। ऐसे में भक्तों की उनमें बहुत आस्था है।

ओ.पी.राजपुरोहित बने ट्रस्ट के अध्यक्ष

जयपुर। पुरी स्थित जगन्नाथ दर्शन चैरिटेबल ट्रस्ट ने जयपुर निवासी दूरदर्शन के पूर्व अधिकारी, जाने-माने समाजसेवी और आध्यात्मिक चिंतक ओ.पी. राजपुरोहित को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पुरी जगन्नाथ मंदिर के मुख्य दैतापति पुजारी भवानि प्रसाद दास मोहापात्रा द्वारा की गई है। राजपुरोहित की भगवान जगन्नाथ के प्रति गहरी आस्था, नि:स्वार्थ सेवा और जनकल्याण हेतु किए गए कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। इस पद के अंतर्गत वे राजस्थान सहित आसपास के क्षेत्रों में जगन्नाथ जी के आध्यात्मिक संदेश, परंपराओं और सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। मुख्य पुजारी भवानि प्रसाद दास ने कहा, राजपुरोहित जी की निष्ठा और सेवा भावना उन्हें इस पवित्र जिम्मेदारी के लिए सर्वथा उपयुक्त बनाती है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे जगन्नाथ जी की भक्ति और शिक्षाओं को राजस्थान में एक नई ऊँचाई प्रदान करेंगे। ओ.पी. राजपुरोहित की नियुक्ति 10 जून 2025 से प्रभावी हुई है। इस अवसर पर राजस्थान भर के श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और धार्मिक संगठनों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराने से दम्पती की मौत

जयपुर। आगरा रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दम्पती की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नया गांव मलवास दौसा निवासी 38 वर्षीय छोटे राम बैरवा अपनी पत्नी मीरा देवी के साथ जयपुर आ रहा था। इसी दौरान आगरा रोड पर त्रिलोकेश्वर महादेव मंदिर के पास उनकी बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे हुआ था।

नौकर ने दुकान से चुराए रुपए

जयपुर। रामगंज थाना इलाके में नौकर ने दुकान से रुपए चोरी कर लिए। जब मालिक को घटना का पता चला तो आरोपी ने पुलिस को पकड़ाए जाने के डर से व्यापारी को आत्महत्या करने की धमकी दे डाली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार आर्य नगर मुरलीपुरा निवासी राजेश कुमार ताम्बी ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी रामगंज बाजार में दुकान है। दुकान पर रवि जंगम काम करता है। आरोपी ने 9 से 13 मई के बीच उसकी दुकान के गल्ले से रुपए पार कर लिए। घटना का पता रुपए गायब होने पर जब सीसीटीवी कैमरें चैक किए तो मामला सामने आया। इस पर व्यापारी ने नौकर से बातचीत की। पुलिस के हवाले करने के डर से नौकर ने मामले को लेकर व्यापारी को आत्महत्या करने की धमकी दे डाली। इस पर व्यापारी ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी नौकर को पकड़ कर पूछताछ कर रही है।